|| ॐ साईं राम ||



When one wishes to cross the ocean, one must have faith in the navigator, similarly, to cross the samsaric ocean one must have faith in the Guru.

- **Year**- 17 **Issue**- 41
  Ghaziabad, Sunday, 08 March- 2026
- 08 March to 14 March- 2026
- **Page:** 8

- **RNI.No:** UPBIL/2009/28691
- **DAVP Code:** 101473
- **Editor:** Dheeraj Kumar
- **Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.in

Email: editor@tbam.co.in


Page 2



Page 5



Page 8



## आशियाना उपवन में स्वच्छता व महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, 100 से अधिक महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित









**प्रतीक भार्गव**

**गाजियाबाद।** आरएचएएम (रहम) फाउंडेशन एवं डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आशियाना उपवन, इंदिरापुरम में स्वच्छता एवं महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से हाउस मेड एवं सोसाइटी स्टाफ को महिला स्वास्थ्य और मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व रोटरी क्लब दिल्ली लिगेसी द्वारा किया गया, जिसमें रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर, गाजियाबाद सैफ्रन, गाजियाबाद ग्रीन, गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, गाजियाबाद सनरेज, इंदिरापुरम परिवार, गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, सोनीपत एजुकेशन सिटी, हापुड़ एलीट, दिल्ली प्रीत विहार और हापुड़ प्लेटिनम का सहयोग रहा।

कार्यक्रम के दौरान 100 से अधिक हाउस मेड एवं सोसाइटी स्टाफ को सेनेटरी पैड वितरित किए गए और उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर रोटेरियन राजेश गोयल (प्रेसिडेंट), अजय चौधरी, विध्यानंद त्यागी एवं श्रीमती मधु गोयल (रोटरी क्लब दिल्ली लिगेसी), रोटेरियन सुनीप अग्रवाल (प्रेसिडेंट, रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रीन), डॉ. धीरज के. भार्गव (फाउंडर चेयर, रहम फाउंडेशन) तथा मनीषा भार्गव (ट्रेजरर, रहम फाउंडेशन) उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रोटेरियन प्रतीक भार्गव (पास्ट प्रेसिडेंट, रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर) रहे, जिनके नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में संस्थाओं ने समाज में स्वास्थ्य, स्वच्छता और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम लगातार आयोजित करने का संकल्प लिया।

## होली पर गौसेवा: 12 रोटरी क्लब्स के सहयोग से भारत गौशाला में हरा चारा वितरण











**मनीषा भार्गव**

**गाजियाबाद।** होली के पावन अवसर पर आरएचएएम (रहम) फाउंडेशन एवं डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के संयुक्त तत्वावधान में भारत गौशाला में हरा चारा वितरण का 26वां सेवा प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस सेवा कार्य में 12 रोटरी क्लब्स के सहयोग से गौमाता एवं बैलों के लिए हरा चारा वितरित किया गया।



इस सेवा प्रोजेक्ट में रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर, गाजियाबाद सैफ्रन, गाजियाबाद ग्रीन, गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, गाजियाबाद सनरेज, इंदिरापुरम परिवार, गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, सोनीपत एजुकेशन सिटी, हापुड़ एलीट, दिल्ली प्रीत विहार, हापुड प्लेटिनियम एवं दिल्ली लिगेसी की सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने गौसेवा को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में करुणा, संवेदनशीलता और जीवों के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रेसिडेंट रोटेरियन राजेश गोयल, अजय चौधरी, विध्यानंद त्यागी, श्रीमती मधु गोयल (दिल्ली लेगेसी), प्रेसिडेंट रोटेरियन संदीप अग्रवाल (गाजियाबाद ग्रीन), डॉ. धीरज कुमार भार्गव (फाउंडर एवं चेयरमैन - आरएचएएम फाउंडेशन) तथा श्रीमती मनीषा भार्गव (ट्रेजरर - आरएचएएम फाउंडेशन) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा प्रोजेक्ट नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया।

# Editorial

## Nitish suddenly enters Rajya Sabha!

Why has Bihar Chief Minister Nitish Kumar suddenly decided to enter the Rajya Sabha? He became Chief Minister for the 10th time just 105 days ago. He held this position for 19 years and 4 months and can still remain Chief Minister until April 15th. The new mandate was given to the BJP-JD(U) and NDA. Power was retained by defeating the opposition RJD. Why has Nitish suddenly expressed his desire to leave the Chief Minister's post, for which he even endured epithets like "Paltu Ram"? Only Nitish or the BJP leadership can answer these questions, but this is explosive political news. SP President Akhilesh Yadav has termed it a "political kidnapping." Now, who will be the new Chief Minister of Bihar? This is a common question. It is certain that the BJP's dream of the past 20 years is about to come true. Even Nitish's close friend and former MP KC Tyagi has confirmed that the Chief Minister will be from the BJP. However, Nitish was old and unwell even during the Bihar elections. Opposition allegations aside, there have been numerous public moments when it appeared Nitish was mentally unstable. If Nitish Kumar had expressed his desire to resign and join the Rajya Sabha just 105 days after receiving the mandate and becoming Chief Minister, he would not have taken the oath of office. Nitish had been given five new years of power. Despite his advancing age and declining health, he could have comfortably run the government. He could have made efforts to fulfill the promises he made to the public on the basis of which he secured the mandate. If he were now appointed a Union Minister by joining the Rajya Sabha, he would have charge of the ministry, the government's policy agenda, and the day-to-day responsibilities of the ministry. If Nitish was uncomfortable and unable to remain Chief Minister, the same situation would arise if he became a Union Minister. Why did he make this decision? Or was he forced by the BJP's top leadership? The question also arises: what will Nitish prove by becoming a Union Minister now? He has served as Minister of Agriculture, Railways, and Road Transport in the Central Government. Nitish was elected to Parliament six times and served as a Union Minister for six years. Prime Minister Modi cannot give him important ministries like Home, Finance, External Affairs, and Defense, as his trusted ministers are in those positions. Can the Prime Minister create the post of Deputy Prime Minister for Nitish?

**Manisha Bhargava**

# Cortina's historic venue returns to center stage at Winter Paralympics

**Cortina D'ampezzo.** Decorated on balcony or through windows, a blue-and-white flag reading "Cortina, Host City, 1956 and 2026" is visible almost everywhere, as the Milan-Cortina Winter Paralympics officially opened on Friday and the mountain town's Olympic story comes full circle.

70 years ago, the 1956 Winter Olympics was staged in Cortina D'Ampezzo. Now, excitement is building as the city once again takes center stage.

"Italy feels like the Paralympic movement's second home, having hosted the first Paralympic

Games in 1960, and, of course, 20 years ago, the Turin 2006 Paralympic Winter Games,"

remarked International Paralympic Committee President Andrew Parsons.

One venue in particular tells the story of this new chapter: the Cortina Curling Olympic Stadium. Nestled in the snow-capped Dolomites, the stadium was originally built in 1955 to host the opening ceremony and figure skating competitions at Italy's first Winter Olympics in 1956, according to Xinhua.

At Milan-Cortina 2026, it is again at the heart of the action, staging Olympic curling and Paralympic wheelchair curling. "During the Winter Paralympics, Cortina is at the center, basically three out of the six sports. The same discipline curling was held here, just like the National Aquatics Center for Beijing 2022," said Michele Camarda, event general manager of Cortina Curling Olympic Stadium. "In the past decades, we decided with the community of Cortina, and the stadium is under a sort of heritage protection to keep as it was at the beginning. Some events of curling were held here, and the venue also offered possibility to Cortina citizens, children, and all the guests to figure skating or ice hockey," introduced Camarda.

# Sunjay Kapur Memorial Cup: Naveen Jindal nets five goals to help Jindal Panther beat Carysil 8–6 in thrilling contest





**Prateek Bhargava**

**Noida.** It was a composed and clinical performance from Jindal Panther, who secured an 8–6 victory over Carysil in Sunjay Kapur Memorial Cup match on Thursday. Maintaining control through crucial moments of the contest, Jindal Panther capitalised on their attacking opportunities to stay ahead and close out the match.



Leading from the front, Naveen Jindal delivered an impressive performance, striking five goals to anchor Jindal Panther's attack. His decisive finishing across the chukkers proved instrumental in building and maintaining the team's advantage through the game. Jindal Panther began confidently, with Naveen Jindal opening the scoring and continuing his momentum with another goal in the second chukker. Siddharth Sharma supported the attack with two well-taken goals, helping the side maintain steady pressure on Carysil through the early exchanges. Carysil responded with resilience, led by Kuldeep Singh, who produced a strong performance and netted four goals for his side. Contributions from Jaiveer Singh and Sanjula, who added one goal each, ensured that Carysil stayed within striking distance throughout the match.

However, Jindal Panther held their composure in the latter stages. A late goal from Hurr Ali, combined with Naveen Jindal's consistent scoring, allowed the team to retain their lead and eventually seal the 8–6 win.

# India beat England by 7 runs in T20 World Cup

## Samson blitz and relay catch heroics send India into T20 World Cup final

**Prateek Bhargava**

**Mumbai.** Defending champions India moved to the final of the Men's T20 World Cup as their players held their nerves to defeat England by seven runs in an absorbing and close second semifinal at the Wankhede Stadium here on Thursday. Replying to India's 253 for 7, England stopped on 246 for seven, triggering cheers and celebrations at the packed-to-capacity stadium. England's Jacob Bethell nearly turned the tables with a breathtaking century that threatened a stunning late heist for the visitors, but the co-hosts survived the onslaught to set up a title clash with New Zealand at the Narendra Modi Stadium in Ahmedabad on Sunday. The




contest produced a staggering 499 runs, but amid the chaos two moments stood tallest — a commanding innings from Sanju Samson and a piece of fielding brilliance involving Axar Patel and Shivam Dube that shifted the match at a crucial juncture. Samson, elegant yet ruthless when in rhythm, played the innings that gave India control of the contest. His 89 off 42 balls was not merely a display of power; it was an exhibition of timing and placement, the kind that makes strokeplay look deceptively simple. Eight fours and seven sixes flowed from his bat as India surged to 253 for seven in their 20 overs. Earlier in the evening, England had won the toss and opted to bowl, hoping the dew would assist their chase later. For a brief moment, the plan seemed sound when Abhishek Sharma fell early. But Samson quickly changed the mood.

# चरक: अंधविश्वास की काली सच्चाई पर करारा प्रहार







**प्रतीक भार्गव**

**रेटिंग: (4 स्टार)**

बॉक्स ऑफिस के मसाला ट्रेंड से अलग हटकर फिल्म बनाना हमेशा जोखिम भरा होता है। ऐसे में निमार्ता सुदीप्तो सेन की तारीफ करनी होगी, जो लगातार ऐसे विषयों पर फिल्में बना रहे हैं जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती हैं। उनकी पिछली फिल्म द केरल स्टोरी ने 300 करोड़ से ज्यादा की कमाई के साथ-साथ दर्शकों और क्रिटिक्स से खूब सराहना बटोरी थी। हालांकि ऐसे विषयों के कारण उन्हें कई बार विरोध और धमकियों का भी सामना करना पड़ा है।

अब उनकी नई फिल्म 'चरक' एक ऐसे विषय को उठाती है जिसे सेंसर बोर्ड से पास कराना भी मेकर्स के लिए आसान नहीं था। काफी रिसर्च और दस्तावेज पेश करने के बाद फिल्म को एडल्ट सर्टिफिकेट के साथ मंजूरी मिली।

फिल्म की कहानी चरक उत्सव के इर्द-गिर्द घूमती है, जो करीब हजार साल पुरानी परंपरा है और बंगाल, बिहार, असम, ओडिशा और झारखंड सहित दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में मनाया जाता है। देवी काली और भगवान शिव की आराधना से जुड़ा यह उत्सव जहां आस्था का प्रतीक है, वहीं इसका एक अंधेरा पक्ष भी है–तांत्रिक प्रथाएं, अघोरी साधनाएं और अंधविश्वास। कहानी एक छोटे से गांव में घटित होती है, जहां गरीब लोग अपनी मुश्किल जिंदगी के बीच चरक उत्सव की तैयारियों में लगे हैं। इसी गांव में पढ़ने वाले दो बच्चों के अचानक गायब हो जाने से कहानी में भय और रहस्य का माहौल बन जाता है।

फिल्म का क्लाइमेक्स दर्शकों को चौंका देता है और यह धारणा तोड़ देता है कि अंधविश्वास सिर्फ अनपढ़ लोगों में ही होता है। अंजली पाटिल और साहिदुर रहमान ने मुख्य भूमिकाओं में बेहतरीन अभिनय किया है।

सुब्रत दत्ता, शशि भूषण और नवनीश नील ने भी अपने किरदारों को प्रभावशाली बनाया है। अगर आप सिनेमा में सिर्फ मनोरंजन नहीं बल्कि समाज की सच्चाई देखना चाहते हैं, तो 'चरक' आपके लिए जरूर देखने लायक फिल्म है।

## राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस, मौखिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक




**गाजियाबाद।** आईटीएस डेंटल कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह दिवस हर वर्ष दंत चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करने और लोगों को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस अवसर पर संस्थान द्वारा दंत चिकित्सकों की भूमिका और बेहतर मौखिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में रोगियों और छात्रों को जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि स्वस्थ दांत और मुस्कान बनाए रखने के लिए नियमित रूप से ब्रश करना, फ्लॉसिंग करना और समय-समय पर दंत परीक्षण कराना बेहद जरूरी है। इन सरल आदतों को अपनाकर लोग लंबे समय तक अपने दांतों को स्वस्थ रख सकते हैं।

राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस के अवसर पर संस्थान में कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत फैकल्टी सदस्यों को 'प्राउड टू बी डेंटिस्टइ बैज वितरित किए गए। इसके अलावा डॉ. पल्लवी हसीजा द्वारा एलुमनाई लेक्चर आयोजित किया गया, जिसमें दंत चिकित्सा से जुड़े अनुभव और महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। फरीदनगर में आयोजित दंत स्वास्थ्य शिविर में मरीजों के साथ माइक्रो इंटरएक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें लोगों को दांतों की सही देखभाल और दंत रोगों से बचाव के उपायों के बारे में बताया गया।

## दो दिवसीय खेल महोत्सव में विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के खिलाडियों की भागीदारी

गाजियाबाद। डासना स्थित एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय में 6 (शुक्रवार) और 7 मार्च (शनिवार) को आयोजित दो दिवसीय 'एसजीयू स्पर्धा वार्षिक खेल महोत्सव की शुरूआत विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह और जोश के साथ हुई। इस खेल महोत्सव में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते हुए शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया। वार्षिक खेल महोत्सव में विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की 80 से अधिक टीमों ने भाग लिया, जिससे प्रतियोगिताएं काफी रोमांचक बन गईं। देश के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों और संस्थानों के छात्र इसमें शामिल हुए। विशेष रूप से बेनेट विश्वविद्यालय, एमिटी विश्वविद्यालय, आरकेजीआईटी महाविद्यालय और भारती महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय) सहित कई शिक्षण संस्थानों की टीमों ने भाग लेकर आयोजन की गरिमा बढ़ाई।



# जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी जनता की समस्याएं

## अतिरिक्त पुलिस आयुक्त व पुलिस उपायुक्तों ने शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद किया

**टीबीसी संवाददाता**





**गाजियाबाद।** जनपद में पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार जनसुनवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यालयों में पहुंचे फरियादियों की शिकायतें सुनीं और उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध केशव कुमार चौधरी ने अपने कार्यालय में पहुंचे शिकायतकताओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का गंभीरता से परीक्षण किया जाए और उनका निस्तारण तय समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए ताकि लोगों का पुलिस व्यवस्था पर विश्वास बना रहे।

वहीं पुलिस उपायुक्त नगर मुख्यालय धवल जायसवाल ने भी अपने कार्यालय में आए लोगों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान उन्होंने फरियादियों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक मामले में निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी शिकायत को हल्के में न लिया जाए और पीड़ित पक्ष को समय पर न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इसके अलावा पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने सहायक पुलिस आयुक्त अंकुर विहार कार्यालय में पहुंचकर शिकायतकताओं से मुलाकात की। उन्होंने वहां आए लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली शिकायतों का भी उतनी ही गंभीरता से निस्तारण किया जाए, जितना कि शहरी क्षेत्रों की समस्याओं का किया जाता है। जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अधिकारियों ने संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों की नियमित समीक्षा की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी मामले में अनावश्यक देरी न हो।



## ऑपरेशन प्रहार: कॉलेज में चला जागरूकता अभियान, नशे से दूर रहने का संदेश




**सच्चा युग संवाददाता**

**गाज़ियाबाद।** कमिश्नरेट गाजियाबाद के वेव सिटी क्षेत्र में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के उद्देश्य से ऑपरेशन प्रहार के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम वेव सिटी स्थित इनमैनटेक इंस्टीट्यूशंस में आयोजित हुआ, जिसमें पुलिस टीम और कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत पौधारोपण के साथ की गई। इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि जिस प्रकार एक पेड़ समाज को जीवनदायिनी हवा और छाया प्रदान करता है, उसी प्रकार जागरूकता समाज को सुरक्षित और सशक्त बनाती है। पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशे की लत केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करती बल्कि उसका भविष्य और परिवार भी इससे प्रभावित होता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। जागरूकता सत्र के दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार नशे की लत व्यक्ति के जीवन को बर्बाद कर सकती है। छात्रों को समझाया गया कि गलत संगत और उत्सुकता के कारण कई युवा नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं, जिससे उनका करियर और जीवन दोनों प्रभावित होते हैं। इसके साथ ही कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विभिन्न प्रयासों के बारे में छात्रों को अवगत कराया गया। महिलाओं के कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने इस दौरान हेल्पलाइन नंबर जैसे डायल 112, 1090, 1076, 1098 और 181 के बारे में भी विस्तार से बताया। इसके अलावा साइबर अपराधों से बचाव के बारे में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया और गोल्डन ऑवर की जानकारी दी गई। साइबर अपराध से संबंधित शिकायत दर्ज कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 और वेबसाइट cybercrime.gov.in के बारे में भी जानकारी दी गई।



# होली के बाद गाजियाबाद में बढ़ी गर्मी, दोपहर की धूप ने दिखाए तीखे तेवर

## अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** होली का त्योहार बीतते ही गाजियाबाद में मौसम ने करवट लेना शुरू कर दिया है और गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। बृहस्पतिवार को सुबह से ही तेज धूप निकलने के कारण दिनभर गर्मी का असर महसूस किया गया।

दोपहर के समय धूप काफी तेज रही, जिससे लोगों को गर्मी से बचने के उपाय करते हुए देखा गया। मार्च का महीना शुरू होते ही मौसम में बदलाव साफ नजर आने लगा है। अब दिन के साथ-साथ रात में भी सर्दी का असर लगभग खत्म हो चुका है। होली के दिन भी दोपहर के समय लोगों को हल्की गर्मी का एहसास हुआ था, वहीं बृहस्पतिवार को यह असर और अधिक बढ़ गया। सुबह से निकली



चटकीली धूप शाम तक बनी रही, जिससे दोपहर के समय गर्मी ज्यादा महसूस हुई। मौसम विभाग के अनुसार बृहस्पतिवार को शहर का न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान लगभग 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान हवा अधिकतम 11 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली और वातावरण में आर्द्रता करीब 43 प्रतिशत दर्ज की गई।

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों तक तेज धूप के साथ तापमान में स्थिरता बनी रहेगी, लेकिन गर्मी का एहसास लगातार बढ़ सकता है। शुक्रवार को भी न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। इस दौरान हवा की गति करीब आठ किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है और वातावरण में आर्द्रता लगभग 37 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मौसम का यही रुख बना रहा तो आने वाले एक सप्ताह के भीतर तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जिससे दिन के समय गर्मी और अधिक बढने की संभावना है।

## जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक आयोजित



**डॉ. धीरज भार्गव**

**गाजियाबाद।** अभिषेक कुमार कीड़ाधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अध्यक्षता में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान एजेण्डा के अनुसार महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम गाजियाबाद में संचालित बैडमिण्टन हॉल के आरक्षण (बुकिंग) शुल्क को प्रत्येक कोर्ट के अनुसार अवकाश/सार्वजनिक अवकश एवं प्रातः 11:30 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक में किये जाने का प्रस्ताव सर्वे सम्मति से पास किया गया। जनपद गाजियाबाद के महामाया स्टेडियम में संचालित स्विमिंग पूल में शौकिया खिलाड़ियों हेतु प्रोत्साहन समिति में लिये जाने वाले शुल्क को 500/- से बढ़ाकर 1000/-किये जाने पर सर्वे सम्मति से पास किया गया तथा स्विमिंग पूल हेतु गार्ड व स्टाफ की व्यवस्था एवं 02 प्रशिक्षक (महिला व पुरूष) 01 पम्प ऑपरेटर व 02 सफाई कर्मी रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी। जिला खेल कार्यालय, महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम गाजियाबाद में खिलाड़ियों एवं आम जन-मानसों को और अधिक खेल सुविधायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वेबसाइट तैयार करना, स्थानीय प्रशिक्षण शिविरों हेतु खिलाड़ियों के जितने भी पंजीकरण कराये जाये उनसे प्राप्त पंजीकरण, मैदान आरक्षण इत्यादि एवं शुल्क की धनराशि को वेबसाइट/पोर्टल के माध्यम से सीधे कोषागार एवं जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति गाजियाबाद में जमा करायें। जनपद में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय, अर्जुन अवार्डी / द्रोणाचार्य अवार्डी/मेजर ध्यानचन्द अवार्डी / लक्ष्मण अवार्डी / रानी लक्ष्मीबाई अवार्डी खिलाड़ियों तथा महानुभावों का डाटा फोटो सहित वेबसाइट पर उपलब्ध करायें। जिला खेल कार्यालय गाजियाबाद में तैनात समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों तथा खेल प्रशिक्षको का पूर्ण विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध कराये। खेल निदेशालय, उ०प्र०लखनऊ से मान्यता प्राप्त खेल संघो का विवरण अध्यक्ष, सचिव एवं उ०प्र० खेल संघो से मान्यता प्राप्त गाजियाबाद की जिला इकाई के अध्यक्ष, सचिव का पूर्ण पता, मोबाइल नम्बर, ई-मेल सहित एवं जनपद में उपस्थित समस्त अवस्थापनाओंएवं खेल अकदामियाँ, प्रशिक्षकों तथा जनपद में उपलब्ध समस्त खेल सुविधाओं का डाटा वेबसाइट पर अपलोड कियो जाने हेतु अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया। अपर जिलाधिकारी (नगर) व क्रीड़ाधिकारी गाजियाबाद के समिति के निर्णय उपरान्त ही गाजियाबाद में स्वीमिंग पुलों, जिम, खेल एकेडमियों एवं सोसाइटियों द्वारा संचालित की जा रही गैर व्यवसायिक जिमों को विशेष सुविधा/छुट प्रदान करने हेतु मानकों के अनुरूप ही किया गया। जिसमें पुलिस विभाग को सहायता देने हेतु निर्देशित किया गया है। दिव्यांग खिलाडियों को खेल उपकरण दिये जाने हेतु चर्चा की गयी जिसमें अध्यक्ष द्वारा दिव्यांजन कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि एक प्रस्ताव बनाकर प्रेषित करें जिससे की दिव्यांग खिलाड़ियों को खेल उपकरण व अन्य सुविधाएँ उपलब्ध करायी जा सकें। जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के प्रबन्ध समिति के सदस्यों को बढ़ाये जाने पर चर्चा की गयी, जिसमें सत्या यादव एवं अरविन्द चौधरी जी को नये सदस्य के रूप में सर्वे सम्मति न सहमति द्वारा पास किया गया। अतः उक्त बैठक में पर ओ०पी० यादव बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद, अभिषेक कुमार धानुक, सचिव/क्रीडाधिकारी गाजियाबाद, डॉ० पंकज राकेश, उप चिकित्सा अधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय वन विभाग कार्यालय से रामवीर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से पवन कुमार, सह-सचिव जूडो एसो० संदीप यादव, सचिव बॉक्सिंग संघ राजन कुमार, पूर्व सदस्य अरविन्द चौधरी, सुभाष पांचाल इण्टरनेशनल वॉलीबाल कोच, नरेन्द्र शर्मा जिला ओलम्पिक संघ सचिव, ईशाव त्यागी, हेमन्त पंवार सचिव फुटवॉल संघ गाजियाबाद प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# फिटकरी का पानी पौधों में डालने के फायदे



> हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि इम्यूनिटी बढ़ाने में आपकी दिनचर्या, खानपान और पर्यावरण का अहम योगदान होता है। तो वहीं आपकी कुछ आदतें ऐसी हो सकती हैं, जिनसे आपकी इम्यूनिटी काफी कमजोर हो सकती है।



फिटकरी का पानी पौधों में डालने को लेकर सोशल मीडिया पर बहुत दावे किए जाते हैं– '100 से ज्यादा फल-फूल मिलेंगे', 'पौधा रॉकेट की तरह बढ़ेगा'–लेकिन सच यह है कि फिटकरी (Alum) कोई खाद नहीं है, बल्कि यह एक soil-corrector और disinfectant की तरह काम करती है।

सही तरह और सही पौधों पर इस्तेमाल करने से फायदा होता है, लेकिन गलत इस्तेमाल पौधे को नुकसान भी पहुँचा सकता है।

## फिटकरी का पानी पौधों में डालने के असली फायदे

1. मिट्टी का स्त्रल संतुलित करता है (slightly acidic बनाता है)

फिटकरी मिट्टी को हल्का अम्लीय बनाती है, जो इन पौधों को बहुत पसंद है:

गुलाब, हिबिस्कस (गुड़हल), ब्लू अपराजिता, लेमन ग्रास, हाइड्रेंजिया, बेरीज, साइट्रस पौधे।

pH सही होते ही इन पौधों में फूल बढ़ते हैं, कलियाँ जल्दी बनती हैं, पत्तियाँ चमकदार होती हैं।

**2. मिट्टी में मौजूद फंगस और कीटाणुओं को कम करता है**

फिटकरी में anti-fungal और anti-bacterial गुण होते हैं जिससे– जड़ों में सड़न कम होती है, कीटाणु कम होते हैं, मिट्टी हल्की व साफ रहती है।

3. जड़ों की मजबूती और नमी पकड़ने की क्षमता बढ़ती है

इसके बाद पौधा ज्यादा फूल, ज्यादा फल और तेज ग्रोथ दिखाता है।

यही कारण है कि लोग कहते हैं– 'गमले में 100 की जगह 200 फूल आने लगे' (असल में पौधा स्वस्थ हो जाता है, इसीलिए फूल/फल खुद-ब-खुद बढ़ जाते हैं)

लेकिन ध्यान रखें फिटकरी को खाद समझकर ज्यादा डालना पौधे को जला सकता है। यह नाइट्रोजन-फॉस्फोरस-पोटैशियम (NPK) नहीं देता, इसलिए इसे साथ में खाद देना जरूरी है।

## फिटकरी का सही उपयोग तरीका

***तरीका 1:*** फिटकरी पानी बनाकर डालें। 1 लीटर पानी उसमें 2 ग्राम फिटकरी (एक मटर के दाने जितनी) रातभर छोड़ दें। अगले दिन पौधे में डालें। हर 20-25 दिन में सिर्फ 1 बार डालें।

**तरीका 2:** स्प्रे 1 लीटर पानी, 1 ग्राम फिटकरी, पत्तियों और मिट्टी पर हल्का स्प्रे, महीने में 1 बार, किन पौधों में कभी न डालें, फिटकरी मिट्टी को acidic करती है, इसलिए ये पौधे खराब हो सकते हैं:

मनी प्लांट, स्नेक प्लांट, पोथोस, एरिका पाम, प्लांट, पीस लिली, सक्यूलेंट्स, एलोवेरा।

अगर फिटकरी के साथ यह 2 चीजें जोड़ दें फूल दोगुने। फिटकरी पानी, सरसों खली / वर्मी कम्पोस्ट, गुड़ का पानी महीने में 1 बार यह कॉम्बिनेशन मिट्टी को nutrients देता है। acidity balance करता है।

सूक्ष्म पोषक तत्व उपलब्ध कराता है। जिससे गमले में फूल और फल वाकई काफी बढ़ जाते हैं।


ब्यूटी / फैशन

# स्किन को ग्लोइंग बनाने में मददगार है मुलेठी, जानें कैसे करें इस्तेमाल

**मिताली जैन**

हम सभी अपनी स्किन को ग्लोइंग तो बनाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स पर निर्भर रहना बहुत अच्छा नहीं माना जाता है। केमिकल्स आपका कुछ देर के लिए भले ही अच्छा दिखाने में मदद करें, लेकिन लंबे समय में ये आपकी स्किन को नुकसान ही पहुंचाते हैं। ऐसे में कुछ नेचुरल चीजों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इन्हीं में से एक है मुलेठी।

स्किन केयर रूटीन में मुलेठी का इस्तेमाल करना यकीनन काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। यह एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है, जो स्किन को ग्लोइंग बनाने के साथ-साथ दाग-धब्बों को कम करने और जलन को शांत करने में मददगार है। अगर आप मुलेठी के स्किन बेनिफिट्स का लाभ उठाना चाहते हैं तो ऐसे में इसे कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल करें। आप मुलेठी से फेस मास्क से लेकर टोनर तक बना सकती हैं। तो चलिए जानते हैं कि ग्लोइंग स्किन के लिए मुलेठी का इस्तेमाल किन तरीकों से किया जाए-





> स्किन केयर रूटीन में मुलेठी का इस्तेमाल करना यकीनन काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। यह एंटी–ऑक्सीडेंट से भरपूर है, जो स्किन को ग्लोइंग बनाने के साथ–साथ दाग–धब्बों को कम करने और जलन को शांत करने में मददगार है।

## मुलेठी से बनाएं फेस पैक

मुलेठी की मदद से स्किन ब्राइटनिंग फेस पैक बनाया जा सकता है। इसे बनाने के लिए आपको मुलेठी पाउडर के अलावा कच्चे दूध व शहद की जरूरत होगी।

### आवश्यक सामग्री-

1 बड़ा चम्मच मुलेठी पाउडर
1 बड़ा चम्मच दही या कच्चा दूध
आधा छोटा चम्मच शहद

### फेस पैक बनाने का तरीका-

फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में सारी सामग्री डाल दें।
अब इसे अच्छी तरह मिक्स करके चिकना पेस्ट बना लें।
स्किन साफ करें और इसे अपने चेहरे पर समान रूप से लगाएं।
इसे 15-20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें।

## रोजाना इस्तेमाल के लिए मुलेठी टोनर

एक ब्राइटनिंग और रिफ्रेशिंग स्किन पाने के लिए मुलेठी की मदद से टोनर भी बनाया जा सकता है। आप इसे हर दिन इस्तेमाल कर सकती हैं।

### आवश्यक सामग्री-

1 बड़ा चम्मच मुलेठी पाउडर
1 कप पानी

### टोनर बनाने का तरीका-

मुलेठी पाउडर को पानी में उबालें और इसे ठंडा होने दें।
अब इसे छानकर एक स्प्रे बोतल में भरकर रख लें।
अपना चेहरा साफ करने के बाद हर दिन टोनर की तरह इस्तेमाल करें।

## मुलेठी से बनाएं स्क्रब

यह स्क्रब डेड स्किन सेल्स को हटाता है, जिससे स्किन में तुरंत चमक आती है। यह स्क्रब ब्राइटनिंग स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है।

### आवश्यक सामग्री-

1 बड़ा चम्मच मुलेठी पाउडर
1 बड़ा चम्मच बेसन
थोड़ा दही या गुलाब जल

### स्क्रब बनाने का तरीका-

स्क्रब बनाने के लिए मुलेठी पाउडर, बेसन व गुलाब जल डालकर मिक्स करें। अब इसे अपने चेहरे पर लगाएं और सर्कुलर मोशन में हल्के हाथों से मसाज करें। इसे धोने से पहले इसे 10 मिनट के लिए छोड़ दें।

# महापौर व नगरायुक्त की मौजूदगी में 1702 दुकानों के किराए पर मंथन

## समिति व व्यापारियों की सहमति से किराया वृद्धि पर हुआ निर्णय

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नगर निगम की शहर में स्थित 1702 दुकानों के किराए में वृद्धि को लेकर लंबे समय से चल रहे मामले पर शुक्रवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। नगर निगम मुख्यालय में महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की उपस्थिति में बनी समिति ने व्यापारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर निर्णय की दिशा में कदम बढ़ाया। बैठक में समिति और व्यापारियों के बीच किराए की दरों तथा वर्तमान परिस्थितियों को लेकर लंबी वार्ता हुई। जनहित, व्यापारियों के हित और निगम के हितों को ध्यान में रखते हुए समिति ने दुकानों के किराए में वृद्धि के प्रस्ताव पर पुनर्विचार करते हुए इसे कम करने का निर्णय लिया। इस फैसले पर व्यापारियों ने महापौर, नगर आयुक्त तथा समिति का आभार व्यक्त किया। दरअसल नगर निगम की दुकानों के किराए में वृद्धि का प्रस्ताव पूर्व में बनाई गई समिति द्वारा तैयार कर सदन में पारित कराया गया था, लेकिन व्यापारियों ने किराया वृद्धि को



अत्यधिक बताया। इसके बाद कार्यकारिणी बैठक में प्रस्ताव पर पुनः विचार करने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में महापौर (समिति अध्यक्ष) और नगर आयुक्त (समिति उपाध्यक्ष) द्वारा पांच पार्षदों और पांच अधिकारियों की एक समिति गठित की गई। समिति में पार्षद भगवान अग्रवाल, मनोज त्यागी, अजय शर्मा, उदित मोहन और संजय सिंह को शामिल किया गया, जबकि अधिकारियों में अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, अपर नगर आयुक्त अवनेंद्र कुमार, सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह, मुख्य अभियंता एन. के. चौधरी तथा उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुज सिंह को नामित किया गया। बैठक में गोल मार्केट सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित 1702 दुकानों के किराए पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान व्यापारी प्रतिनिधि राजू छाबड़ा, राकेश स्वामी, राजेश लाहौरिया, राजकुमार सिंघल, सुरेश गुप्ता और सुरेश महाजन सहित अन्य व्यापारी भी मौजूद रहे। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि समिति ने व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया है। वहीं महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि लंबे समय से चल रही व्यापारियों की समस्या के हर पहलू पर विचार कर समाधान निकालने का प्रयास किया गया है। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस संबंध में पत्रावली तैयार कर 7 मार्च 2026 को होने वाली नगर निगम सदन की बैठक में प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। इसके अलावा रामानुज मार्केट और कविनगर जोन परिसर मार्केट के आवंटियों द्वारा प्रीमियम जमा किए जाने के कारण उन पर किराया निर्धारित नहीं किया जाएगा, बल्कि उनसे संपत्ति कर लिया जाएगा। वहीं शहर की अन्य दुकानों के किराए में आपसी सहमति से संशोधन करते हुए बैठक का समापन किया गया।

# जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने जनता दर्शन में सुनी जन समस्याएं

## असक्षम, अयोग्य, बेरोजगार, परनिर्भर, असहाय एवं पीड़ितों की करें सहायताः जिलाधिकारी

**मनीषा भार्गव**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जनसुनवाई कर लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान राजस्व विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित प्रार्थना पत्र एवं शिकायतें प्राप्त हुईं।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निदेशानुसार जनता दर्शन और जनसुनवाई की निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय उत्तर प्रदेश से लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से की जा रही है। जनमानस की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे तक जन शिकायतें सुनें और इस दौरान जूम के माध्यम से भी जुड़े रहें।

जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने जूम के माध्यम से सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी असक्षम, अयोग्य, परनिर्भर, बेरोजगार, असहाय या पीड़ित सामान्य अथवा दिव्यांग व्यक्ति उनके संपर्क में आए, उसकी हर





संभव सहायता की जाए।

सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से ऐसे लोगों को सक्षम बनाने, रोजगार उपलब्ध कराने या स्वयं का रोजगार शुरू करने में सहायता प्रदान की जाए, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# डीएम गाजियाबाद की जनसामान्य से अपील–पीएम सूर्य घर योजना में लगवाएं सौर पैनल, पर्यावरण संरक्षण में दें योगदान





**डॉ. धीरज भार्गव**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविंद्र मांदड़ ने जनसामान्य से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत अपने घरों पर सौर पैनल लगवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना और पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।

जिलाधिकारी ने बताया कि विद्युत उत्पादन के पारंपरिक तरीकों जैसे कोयला और तेल से ऊर्जा उत्पादन के कारण वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण तथा अन्य पर्यावरणीय क्षति होती है। इसके अलावा कोयला खनन के कारण जंगलों की कटाई भी होती है। इसके विपरीत सौर ऊर्जा एक स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल स्रोत है, जिससे किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं होता और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी संभव होता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन को रोकने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की शुरूआत की गई है।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा सौर पैनल लगाने पर भारी सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। एक किलोवाट के संयंत्र पर लगभग 65 हजार रुपये की लागत आती है, जिसमें सरकार द्वारा 45 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। दो किलोवाट के संयंत्र पर लगभग 1 लाख 30 हजार रुपये की लागत में 90 हजार रुपये की सब्सिडी तथा तीन किलोवाट के संयंत्र पर लगभग 1 लाख 80 हजार रुपये की लागत में 1 लाख 8 हजार रुपये की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। यह सब्सिडी घरेलू कनेक्शन पर अधिकतम 10 किलोवाट तक उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक नागरिक 'नेशनल पोर्टल फॉर रूफटॉप सोलर' पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पीओ नेड़ा कार्यालय, गाजियाबाद से संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के नियंत्रण कक्ष के मोबाइल नंबर 70653 81846 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# शिवा स्कूटर एजेंसी में बवालः मालिक पर जीएम से मारपीट और धमकी देने का आरोप, कर्मचारियों ने कमिश्नर ऑफिस पहुंचकर लगाई गुहार

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद के झंडापुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित 58/3, शिवा स्कूटर एजेंसी में उस समय हंगामा मच गया जब एजेंसी के मालिकों पर अपने ही जनरल मैनेजर के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने का गंभीर आरोप लगा। पीड़ित जनरल मैनेजर अनुपम चौहान ने आरोप लगाया है कि एजेंसी के मालिक अमित गर्ग और आदित्य गर्ग ने उनके साथ न सिर्फ मारपीट की,



बल्कि गंदी-गंदी गालियां देते हुए उन्हें चोरी के झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी भी दी। घटना के बाद अनुपम चौहान ने मामले की शिकायत झंडापुर पुलिस चौकी और लिंक रोड थाना, साहिबाबाद में दर्ज कराई। हालांकि आरोप है कि शिकायत दिए जाने के बावजूद अब तक पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मामले से नाराज होकर अनुपम चौहान के साथ शिवा स्कूटर एजेंसी की विभिन्न शाखाओं के कर्मचारी भी एकजुट हो गए। सभी कर्मचारियों ने मिलकर आरोपित मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत दी। कमिश्नर कार्यालय में मौजूद एसीपी गाजियाबाद ने कर्मचारियों और पीड़ित पक्ष को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लिंक रोड थाना प्रभारी को पूरे मामले में जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं इस घटना के बाद एजेंसी के कर्मचारियों में भारी आक्रोश देखने को मिला। कर्मचारियों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे आगे भी विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# मुख्यमंत्री योगी ने किया सुपर स्पेशलियलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन

## स्वास्थ्य सेवा की परिभाषा केवल आधुनिक सुविधाओं से नहीं, बल्कि सस्ती, सुलभ और विश्वसनीय सेवा से होनी चाहिए: मुख्यमंत्री







**टीबीसी संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा (वेस्ट) के सेक्टर-10 में 300 बेड वाले फुल स्पेक्ट्रम टर्शरी केयर प्रदान करने वाले केडीएसजी सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल का रिबन काटकर विधिवत रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान मा0 मुख्यमंत्री जी ने अस्पताल में स्थापित अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। यह अस्पताल एन0सी0आर0 में हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और तेजी से विकसित हो रहे शहरी इलाकों में उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह अस्पताल भारत की 1983 विश्व कप विजेता क्रिकेट टीम के कप्तान कपिलदेव और उद्योगपति सुनील कुमार गुप्ता द्वारा स्थापित किया गया है।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने भारत के गौरव, जिनके नेतृत्व में देश ने विश्व कप जीता, ऐसे महान क्रिकेटर कपिल देव जी को और उद्योगपति सुनील कुमार गुप्ता जी सहित उनके पूरे समूह को, इस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना के लिए हृदय से बधाई और शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध नगर जनपद के ग्रेटर नोएडा में इस अत्याधुनिक अस्पताल की स्थापना से केवल इस जनपद के नागरिकों को ही नहीं, बल्कि आसपास के अन्य जनपदों और पूरे एनसीआर क्षेत्र के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्राप्त होंगी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण योजनाएँ प्रारंभ हुई हैं, जिनमें से आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से देश के करोड़ों गरीब और जरूरतमंद परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

आज देश में लगभग 60 करोड़ से अधिक लोग इस योजना का लाभ ले रहे हैं, जिसमें उत्तर प्रदेश इस योजना के क्रियान्वयन में देश का अग्रणी राज्य बना है। उत्तर प्रदेश में अब तक 05 करोड़ 60 लाख से अधिक गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके हैं। जो भी व्यक्ति पात्रता सूची में आता है, वह किसी भी सूचीबद्ध सरकारी या निजी अस्पताल में जाकर इस योजना के तहत उपचार प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा की परिभाषा केवल आधुनिक सुविधाओं से नहीं, बल्कि सस्ती, सुलभ और विश्वसनीय सेवा से होनी चाहिए। मरीज को सही उपचार मिले, किसी प्रकार की अनियमितता या शोषण न हो, और उसे डॉक्टर तथा अस्पताल पर पूरा विश्वास हो। उन्होंने कहा जब कोई मरीज डॉक्टर के पास आता है तो वह एक विश्वास के साथ आता है, डॉक्टर का व्यवहार, उसकी सलाह और उसका आचरण मरीज के मनोबल को बढ़ाता है। कई बार डॉक्टर का अच्छा व्यवहार ही मरीज की आधी बीमारी समाप्त कर देता है। स्वास्थ्य सेवा में दवा और दुआ, दोनों का महत्व होता है। जब डॉक्टर समर्पण से सेवा करते हैं तो उन्हें मरीजों की दुआ मिलती है और मरीज को सही दवा मिलने से वह शीघ्र स्वस्थ होता है। इससे अस्पताल और डॉक्टर दोनों की प्रतिष्ठा बढ़ती है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े स्तर पर परिवर्तन हुए हैं। वर्ष 2014 तक देश में केवल 6 एम्स ही कार्य कर रहे थे, जबकि आज देशभर में 23 एम्स और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य संस्थान कार्यरत है। उत्तर प्रदेश में भी स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है। वर्ष 2017 से पहले राज्य में सरकारी क्षेत्र में केवल 17 मेडिकल कॉलेज संचालित थे। आज हमने 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज' के लक्ष्य को लगभग प्राप्त कर लिया है और वर्तमान में प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। यदि केडीएसजी समूह भविष्य में मेडिकल कॉलेज के क्षेत्र में भी आगे आना चाहता है, तो प्रदेश सरकार उनका स्वागत करेगी, क्योंकि इससे मेडिकल प्रोफेशनल्स तैयार करने में भी मदद मिलेगी और स्थानीय नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ भी मिलेंगी।

उन्होंने कहा कि यह अस्पताल केवल सेवा का माध्यम ही नहीं, बल्कि रोजगार का भी एक बड़ा अवसर बनेगा। 300 बेड के इस अस्पताल में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कम से कम 1000 लोगों को रोजगार मिलेगा, जिसमें डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, टेक्निशियन सहित अन्य कर्मचारी शामिल होंगे। मुख्ममंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आयुष्मान भारत के साथ-साथ राज्य के सरकारी कर्मचारियों के अतिरिक्त 5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के शिक्षक, अनुदेशक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा बहनें, शिक्षामित्र, अनुदेशक और बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत कार्यरत रसोइयों को भी यह सुविधा प्रदान की गई है। यदि कोई पात्र व्यक्ति आयुष्मान भारत या मुख्यमंत्री योजना के अंतर्गत कवर नहीं हो पाता है, तो उसे मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता प्रदान की जाती है।

पिछले एक वर्ष में मुख्यमंत्री राहत कोष से लगभग 1300 करोड़ रुपये की सहायता प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में मरीजों को दी गई है। उत्तर प्रदेश आज तेजी से विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कभी पहचान के लिए संघर्ष करने वाला यह राज्य आज देश की अर्थव्यवस्था में ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है।

गौतम बुद्ध नगर जनपद में जल्द ही नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर प्रारंभ होने जा रहा है, जो भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। यहाँ मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग, मेडिकल डिवाइस पार्क और कई औद्योगिक परियोजनाएँ भी विकसित हो रही हैं। इस पूरे क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएँ तेजी से आकार ले रही हैं और यह क्षेत्र देश में सर्वाधिक प्रति व्यक्ति आय वाले क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने केडीएसजी ग्रुप और इस परियोजना से जुड़े सभी निवेशकों को आश्वस्त करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार हर प्रकार से आपका सहयोग करेगी। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, स्वास्थ्य का क्षेत्र हो या भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए जाने वाले अन्य प्रयास राज्य सरकार निवेशकों और उद्यमियों को पूरा समर्थन देगी।

## जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक आयोजित

# 31 मार्च तक समस्त लाभार्थियों के कार्ड बनाये जाएं: डीएम रविन्द्र कुमार मॉंदड़



**प्रतीक भार्गव**

**गाजियाबाद।** महात्मा गाँधी सभागार कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी गाजियाबाद रविन्द्र कुमार मॉंदड़ की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक आहूत हुई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों एवं शिक्षा विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, पंचायती राज विभाग आदि के द्वारा प्रतिभाग किया गया। एवं साथ ही आयुष्मान भारत कार्यक्रम में जनपद में बनाये गये आयुष्मान कार्ड की भी समीक्षा की गयी जिसमे शेष समस्त लाभार्थी जिनका आयुष्मान कार्ड अब तक नहीं बना है राशन डीलर से समन्वय करते हुए 31 मार्च तक शेष समस्त लाभार्थियों का कार्ड बनाने हेतु आदेशित किया गया। जिन राशन डीलर के द्वारा कार्य में सहयोग नहीं किया जायेगा उनपर भी कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। इसके साथ की कार्य की प्रगति हेतु जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी की मॉनिटरींग में प्रत्येक दिन अपराहन 4 बजे गूगल मीट के द्वारा सम्बंधित विभागों की दैनिक प्रगति की समीक्षा की जाएगी। सर्वप्रथम सभी चिकित्सालयों को ओ.पी.डी. बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया एवं जिन भी विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी की सर्जरी न्यूनतम है, उन्हें नोटिस जारी करने के आदेश दिए गये। जनपद के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की प्रतिमाह न्यूनतम दो बार जनपद स्तरीय अधिकारियों के द्वारा औचक निरीक्षण किया जायेगा। उक्त निरीक्षण में अनुपस्थित कर्मियों पर कड़ी कारवाई की जाएगी। उक्त समीक्षा के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 4 बजे तक कार्य करने के आदेश दिया गया साथ ही जिन केन्द्रों पर सीएचओ की तैनाती नहीं है वहां एएनएम के द्वारा नियमित कार्य किये जाने के आदेश दिए गए साथ ही केन्द्रों पर औषधि, टेस्ट किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु नोडल अधिकारी को आदेशित किया गया। जनपद में शेष बची आशा के रिक्त पदों पर अविलम्ब चयन करने के निर्देश दिए गए एवं अब तक शून्य संस्थागत प्रसव कराने वाली एवं प्रतिमाह औसत रुपए 4000 से कम प्रोत्साहन राशि पाने वाली आशाओं को चिन्हित कर उन्हें पुनः प्रशिक्षण दिया जाय। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एमएमजी हॉस्पिटल, एसीएमओ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एपीके फाइल भेजकर खाते से साफ किए 4.53 लाख रुपये

गाजियाबाद। साइबर ठगों ने ई–चालान के नाम पर एपीके फाइल भेजकर वेव सिटी क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति के खाते से साढ़े चार लाख रुपये उड़ा लिए। फाइल खोलते ही पीड़ित का मोबाइल हैक हो गया और कुछ ही देर में खाते से कई ट्रांजेक्शन कर रकम निकाल ली गई। मामले में वेव सिटी थाने की साइबर सेल जांच कर रही है। वेव सिटी सेक्टर–दो निवासी राजेंद्र चौधरी ने बताया कि 27 फरवरी को उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक अनजान नंबर से आरटीओ चालान नाम की एपीके फाइल आई। फाइल के साथ संदेश लिखा था कि उनका ई–चालान बकाया है और जल्द भुगतान न करने जैसे ही उन्होंने फाइल खोली, उनका मोबाइल हैक हो गया। कुछ देर बाद बैंक से ट्रांजेक्शन के लगातार संदेश आने लगे।


### प्रपत्र IV

पीआरपी अधिनियम, 2023 के अनुसार प्रकाशित होने वाले समाचार प्त्र तिरुपति बालाजी क्रॉनिकल सप्ताहिक गाजियाबाद के स्वामित्व और अन्य विवरणों के बारे में विवरण

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन का स्थान | तिरुपति बालाजी क्रॉनिकल<br>प्लॉट नंबर 516, सेक्टर–12, फ्रेंड्स कोऑपरेटिव सोसाइटी, वसुंधरा, गाजियाबाद 201012 |
| 2. प्रकाशन की आवधिकता | सप्ताहिक |
| 3. क) मुद्रक का नाम<br>ख) राष्ट्रीयता<br>ग) पता | मनीषा भार्गव कृते प्रोपराइटर तिरुपति बालाजी क्रोनिकल<br>भारतीय<br>प्लॉट नंबर 516, सेक्टर–12, फ्रेंड्स कोऑपरेटिव सोसाइटी, वसुंधरा, गाजियाबाद 201012 |
| 4. क) प्रकाशक का नाम<br>ख) राष्ट्रीयता<br>ग) पता | मनीषा भार्गव कृते प्रोपराइटर तिरुपति बालाजी क्रोनिकल<br>भारतीय<br>प्लॉट नंबर 516, सेक्टर–12, फ्रेंड्स कोऑपरेटिव सोसाइटी, वसुंधरा, गाजियाबाद 201012 |
| 5. क) संपादक (दिल्ली मार्केट)<br>ख) राष्ट्रीयता<br>ग) पता | मनीषा भार्गव कृते प्रोपराइटर तिरुपति बालाजी क्रोनिकल<br>भारतीय<br>प्लॉट नंबर 516, सेक्टर–12, फ्रेंड्स कोऑपरेटिव सोसाइटी, वसुंधरा, गाजियाबाद 201012 |

**तिरुपति बालाजी क्रॉनिकल**

दिनांक 28.02.2026 तक प्रोपराईटर शिप मे 100% शेयर रखने वाले व्यक्ति की सूची।

मनीषा भार्गव,
प्लॉट नंबर 516, सेक्टर–12, फ्रेंड्स कोऑपरेटिव सोसाइटी, वसुंधरा, गाजियाबाद 201012

मैं, मनीषा भार्गव, एतद्द्वारा घोषणा करती हूँ कि ऊपर दिए गए विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य हैं।

2 मार्च, 2026

मनीषा भार्गव
प्रकाशक


Printed and Published by Manisha Bhargava at Nutan Offset Printing Press, House N.o- 9, Maliwara, Ghaziabad. 201001 and Published at Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.). **Editor:** Manisha Bhargava, **Sub Editor:** Dheeraj Kumar** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** 101248 (UPBIL/2009/28691), **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Mob. 98105 22380, 98718 95198. Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.